पैरा तीरंदाज खिलाड़ी शीतल देवी को ECI नेशनल PwD आइकन नामित किया गया

स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर

हाल ही में भारत के चुनाव आयोग ने **पैरा आर्चर** और अर्जुन पुरस्कार विजेता, **शीतल देवी** (एशियाई पैरा गेम्स-2022 में 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक की विजेता) को अपने राष्ट्रीय दिव्यांग जन (PwD) **आइकन** के रूप में घोषित किया है।

- उनके नाम की घोषणा दिल्ली में आयोजित भारतीय बधिर क्रिकेट एसोसिएशन टीम और ज़िला क्रिकेट एसोसिएशन टीम के बीच एक प्रदर्शनी क्रिकेट मैच में की गई थी।
- यह मैच **मतदाता शिक्षा और समावेशिता को बढ़ावा** देने के लिये आयोजित किया गया था। इस अवसर पर, आयोग ने दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिये एक समर्पित मतदाता मार्गदर्शिका लॉन्च की।
- आयोग ने दिव्यांगजनों के लिये की गई प्रमुख पहलों पर भी प्रकाश डाला, जैसे बेंचमार्क विकलांगता वाले दिव्यांग जनों हेतु **वैकल्पिक घरेलू मतदान सुविधा**, मतदान के दिन **निःशुल्क परिवहन का प्रावधान**, राज्य और **ज़िला दिव्यांग आइकन की नियुक्ति, जागरूकता अभियान, सक्षम ECI ऐप, ब्रेल सक्षम** EPIC और EVM।

और पढ़ें- भारत निर्वाचन आयोग, राष्ट्रीय पुरस्कार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/para-archer-sheetal-devi-named-eci-national-pwd-icon